"मुख्य आयुक्त" शब्द के लिए प्रशासक शब्द का प्रतिस्थापन

(3) मूल विनियम में जहाँ कहीं भी 'मुख्य आयुक्त' शब्द प्रयुक्त हुआ है उसके स्थान पर 'प्रशासक' शब्द प्रतिस्थापित होगा ।

धारा 8 के लिए नई धारा का प्रतिस्थापन

मूल विनियम की धारा 8 के लिए निम्नलिखित धारा प्रतिस्थापित होगा अर्थात:-

जुर्माना

"8(1) जो कोई भी धारा 6 के उपबन्धों का उल्लंघन कर आरक्षित क्षेत्र में अथवा किसी भूमि या उगे फसलों या उत्पाद पद अधिकार करता हो अथवा कोई व्यापार या व्यवसाय करता हो तो उसे कारावास की सजा दी जाएगी जो दो वर्षों तक की हो सकती है और साथ ही साथ जुर्माना भी भरना पड़ेगा जो दस हजार रुपए तक की हो सकती है तथा इस प्रकार अर्जित अधिकार का निपटान ऐसे तरीके से किया जा सकेगा जैसा प्रशासक मामले की परिस्थिति पर विचार करने के बाद निर्देशित करेंगे ।

(2) जो कोई भी धारा 7 के अंतर्गत जारी अधिसूचना के उल्लंघन में आरक्षित क्षेत्र में प्रवेश करता है तो वह दो वर्ष के कारावास के लिए दण्डनीय होगा तथा दस हजार रुपए तक जुर्माना भी हो सकती है ।

(3) जो कोई भी उन शर्तों या प्रतिबंधों का, जिसके अध्याधीन धारा 7 के अंतर्गत पास जारी किया गया था, के उल्लंघन में कुछ भी करता है तो वह 2 वर्ष के कारावास के लिए दण्डनीय होगा और 10 हजार रुपए तक का जुर्माना भी हो सकता है ।

ह./-
ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
राष्ट्रपति

ह./-
(टी.के. विश्वनाथन)
सचिव, भारत सरकार

MGPPB—26/Gazette/06 — 30 Copies. ........ (26-Gazette-06 (Hindi Version) Sar.